हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 12 फरवरी 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ कक्षा 12वीं का पहला पेपर



09 मैं जब तक जिऊंगा सिरोंज-लटेरी की सेवा...



## खबर संक्षेप

### 13 को कृषि उपज मंडी में नहीं होगी नीलामी

**विदिशा।** शुक्रवार 13 फरवरी को कृषि उपज मंडी बंद रहेगी। डीमार्ट के विरोध में पावर डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन और व्यापार महासंघ द्वारा विदिशा बंद का आव्हान किया गया है। अनाज तिलहन व्यापार उत्थान कल्यापण संघ ने समर्थन देते हुए मंडी में नीलामी कार्य का बहिष्कार किया है। संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी ने सभी किसानों से अपील की है कि वह 13 फरवरी को कृषि उपज मंडी में उपज न लाएं।

### व्याख्यान माला 15 को

**विदिशा।** गांधी सुमिरन मंच एवं सर्वोदय मंडल के तत्वावधान में प्रतिमाह एक सर्वधर्म समभाव व्याख्यान माला आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस बार सूफीमत सदभाव का एक मरहम विषय पर व्याख्यान 15 फरवरी रविवार सुबह 11.30 बजे मां हस्पिटल श्री रामनगर में आयोजित की गई है। गांधी सुमिरन मंच के अध्यक्ष डॉक्टर सुरेश गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में 20 मिनट बापू के प्रिय भजन, 45 मिनट विद्वानों का व्याख्यान, इसके बाद 45 मिनट श्रोताओं द्वारा प्रश्न तथा व्याख्यान पर चर्चा और अंत में राष्ट्रगान तथा राष्ट्रगीत होगा।

### नगद इनाम की घोषणा

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी के द्वारा थाना दीपनाखेड़ा में दर्ज अपराध की विभिन्न धाराओं में फरार अज्ञात आरोपी की सूचना देने वालों को 10 हजार रुपए की नगद राशि देने की उद्घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### बच्चों को मुक्त कराने पर एसपी व एएसपी सम्मानित



**विदिशा।** जस्ट राइट्स फार चिल्ड्रन संस्था द्वारा एसपी रोहित काशवानी और एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे का सम्मान किया गया। विगत दिनों विदिशा स्टेशन पर तीन वर्ष की नाबालिग बिटिया को 48 घंटे के भीतर बरामद कर चार अन्य बच्चों को मानव तस्करी से बचाने की कार्रवाई के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया।

### पुण्यतिथि पर भाजपा मंडल ने दी श्रद्धांजलि



**ग्यारसपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, एकात्म मानववाद के प्रणेता एवं प्रखर राष्ट्रवादी विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल ग्यारसपुर द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर तिलक लगाते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वक्ताओं ने उनके विचारों और सिद्धांतों को आज भी प्रासंगिक बताते हुए संगठन को उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी सहित अजब सिंह राजपूत, भूपेंद्र किरार, सीताराम कुशवाहा, शेर सिंह साहू, गोविंद दास बैरागी, बलराम कुशवाह एवं मंडल के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित में कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

---

### जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक में अधिकारियों ने लिए महत्वपूर्ण निर्णय

# अतिक्रमण हटाया, अब अवैध उत्खनन व कटाई रोकने की कार्ययोजना तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



**विदिशा।** बैठक के दौरान कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिलेभर के अधिकारियों को दिए निर्देश।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में वन अपराध, अतिक्रमण और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति की समीक्षा कर कार्ययोजना तय की तथा सख्त कार्रवाई जारी रखने पर सहमति व्यक्त की।

#### अवैध कटाई, निगरानी और संयुक्त कार्रवाई

गूगल अर्थ इमेजरी के आधार पर अवैध कटाई के संवेदनशील मार्गों का विश्लेषण कर नदी पार चोर रास्तों और मुख्य मार्गों पर निगरानी बढ़ाने की रणनीति बनाई गई। चोरी की मोटरसाइकिलों के उपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए एसपी रोहित काशवानी ने संयुक्त छापामार कार्रवाई के निर्देश दिए। अंतर्जिला समन्वय के तहत राजगढ़ पुलिस बल और गुना वन अमले की उपलब्धता सुनिश्चित कर संयुक्त अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। विद्युत विभाग ने अतिक्रमणकारियों की अद्यतन सूची उपलब्ध कराने को कहा, ताकि विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की जा सके। कलेक्टर ने अतिक्रमित क्षेत्रों में शासकीय सड़क निर्माण की स्थिति का परीक्षण करने के निर्देश दिए।

साथ ही अवैध हथियारों के मामलों में आर्म्स एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। बैठक में उत्तर लटेरी रेंज में फसल हटाने, शिकार प्रकरणों में निगरानी बढ़ाने और बेदखल भूमि पर पुनः अतिक्रमण रोकने हेतु पौधरोपण योजना लागू करने पर भी सहमति बनी। सभी विभागों ने वन एवं राजस्व भूमि की सुरक्षा के लिए समन्वित कार्रवाई जारी रखने का संकल्प लिया।

#### बासौदा-उदयपुर क्षेत्र में अवैध उत्खनन रोकने नई रणनीति

अवैध उत्खनन पर नियंत्रण के लिए मार्गों पर सीपीटी ट्रेंच खोदने के निर्देश दिए गए, किंतु क्षेत्र की मिट्टी के कारण ट्रेंच के शीघ्र भर जाने की समस्या सामने आई। इस पर चैनलिंक बाउंड्री प्रोजेक्ट को अधिक प्रभावी विकल्प मानते हुए समिति ने इसके प्रस्ताव पर सहमति दी।

#### अतिक्रमण बेदखली के बाद पौधरोपण की तैयारी

वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव ने बताया कि सिरोंज परिक्षेत्र के सभी चिन्हित अतिक्रमण स्थलों से बेदखली की कार्रवाई पूर्ण कर ली गई है। मुक्त कराई गई भूमि पर वृक्षारोपण के लिए परियोजना प्रस्ताव स्वीकृति हेतु भेजे जा चुके हैं। समिति ने वन विभाग की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए वृक्षारोपण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

---

# अवैध फड़ पर कार्रवाई, बाजार मूल्य से 5 गुना जुर्माना वसूला

### संयुक्त कार्रवाई में फोर्टीफाइड चावल भी जब्त



**सम्राट होटल के सामने संचालित किया जा रहा था अवैध फड़, छापामार कार्रवाई की।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कृषि उपज मंडी समिति और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने बसस्टैंड के समीप सम्राट होटल के सामने संचालित एक फड़ पर छापामार कार्रवाई की।

जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि निरीक्षण के दौरान संबंधित फड़ संचालक गजाधर गुप्ता निवासी स्वर्णकार कॉलोनी के विरुद्ध मंडी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। मौके पर लगभग 33 क्विंटल गेहूं, करीब 2 क्विंटल धान और लगभग 40 किलोग्राम चना पाया गया, जिन पर बाजार मूल्य के आधार पर पांच गुना मंडी शुल्क तथा निराश्रित शुल्क वसूला गया।

कार्रवाई के दौरान 4 हजार 525 रुपए दंडात्मक मंडी शुल्क, 905 रुपए दंडात्मक निराश्रित शुल्क और 500 रुपए प्रशमन शुल्क सहित कुल 5,930 रुपए की वसूली की गई। इसके अतिरिक्त जांच में 2.52 क्विंटल फोर्टीफाइड कर्नेल युक्त चावल भी बरामद हुआ, जिसे खाद्य विभाग ने जब्त कर लिया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति अवैध रूप से कृषि उपज का क्रय-विक्रय करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि मंडी व्यवस्था पारदर्शी बनी रहे और किसानों के हित सुरक्षित रह सकें।

---

### मीणा समाज संगठन की प्रथम मासिक बैठक हुई

## नई कार्यकारिणी का गठन कर इशिता मीणा का सम्मान किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मप्र मीणा समाज सेवा संगठन की पहली मासिक बैठक बुधवार को मीणा समाज धर्मशाला में हुई। बैठक में महिला जिला अध्यक्ष के पद पर पूजा लाखन सिंह मीणा तथा युवा जिलाध्यक्ष के पद पर ऋषिराज मीणा को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी के नवनियुक्त सदस्यों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए।

बैठक के दौरान द्वितीय शूटिंग बाल प्रतियोगिता में विश्व विजेता बनीं इशिका मीणा का सम्मान किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सूर्यप्रकाश मीणा मौजूद रहे। विशेष अतिथि के रूप में ट्रस्ट अध्यक्ष गजराज सिंह मीणा, जिला पंचायत सदस्य चंद्रमोहन मीणा, पूर्व जिला अध्यक्ष रणधीर सिंह मीणा, प्रदेश मंत्री कुसुम मीणा सहित अनेक वरिष्ठ समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा संगठन के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजाराम मीणा ने की। अपने संबोधन में विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए शादी-विवाह जैसे सामाजिक आयोजनों में होने वाले फिजूल खर्च पर अंकुश लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति के लिए सादगी, शिक्षा और आपसी सहयोग को प्राथमिकता देना आवश्यक है तथा इस दिशा में सर्व समाज को एकजुट होकर प्रयास करना चाहिए।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की सजा

**कुरवाई।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश आनंद गौतम ने आरोपी विशाल अहिरवार को दोषी ठहराते हुए 10 साल के कठोर कारावास और 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार आरोपी 12 नवंबर 2024 को पीड़िता को शादी का झांसा देकर भगा ले गया और बार-बार दुष्कर्म किया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां साक्ष्यों के आधार पर दोष सिद्ध हुआ।

---

# 3 दिन में शत-प्रतिशत काम का अल्टीमेटम, कार्रवाई की चेतावनी से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



आधार अपडेट के कार्य को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में असंतोष है। बुधवार को बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं और अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने आधार अपडेट के लिए अतिरिक्त समय की मांग की है। कार्यकर्ताओं ने बताया कि विभाग ने लगभग डेढ़ से दो माह पहले एप के माध्यम से हितग्राहियों के आधार कार्ड अपडेट करने के निर्देश दिए थे। कुछ आधार कार्डों में जन्मतिथि में त्रुटियां हैं तो कुछ के जन्म प्रमाण पत्र में माता-पिता की जानकारी गलत दर्ज है। इसके अतिरिक्त कई हितग्राहियों के पास आवश्यक दस्तावेज या डिजिटल प्रमाण पत्र भी उपलब्ध नहीं हैं। इन समस्याओं के कारण आधार बनवाने और अपडेट करने की प्रक्रिया में काफी लंबा समय लग रहा है, जिससे निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करना मुश्किल हो रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) ने भी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की थी। इस बैठक में उन्होंने तीन दिन के भीतर हितग्राहियों के आधार कार्ड बनवाने और अपडेट करने के निर्देश दिए। साथ ही समय पर कार्य पूरा न होने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

#### कार्रवाई की चेतावनी से बढ़ी नाराजगी

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया कि जिन कार्यकर्ताओं का 50 प्रतिशत से कम आधार अपडेट कार्य हुआ है, उन्हें कार्यालय बुलाया गया था। बैठक में उन्हें तीन दिन के भीतर शत-प्रतिशत आधार अपडेट पूरा करने के निर्देश दिए गए। चेतावनी दी गई कि समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने पर सेवा से पृथक करने की कार्रवाई की जा सकती है। कार्यकर्ताओं का तर्क है कि आधार कार्ड बनने में ही लगभग एक माह या उससे अधिक समय लग जाता है। ऐसे में तीन दिन की मोहलत में शत-प्रतिशत कार्य पूरा करना संभव नहीं है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जमीनी हकीकत को ध्यान में रखते हुए समय-सीमा बढ़ाई जाए, ताकि बिना दबाव के व्यवस्थित रूप से कार्य पूर्ण किया जा सके।

---

# नौघई सागर टपरा सड़क का भूमिपूजन

### 3.85 किमी लंबी सड़क 282.21 लाख रुपए की लागत से बनेगी, ग्रामीणों को मिलेगा बेहतर आवागमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत नौघई से सागर टपरा की 3.85 किलोमीटर लंबाई की सड़क 282.21 लाख रुपए की लागत से बनेगी। सड़क के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक हरीसिंह रघुवंशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बासौदा की अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, जिला पंचायत सदस्य गायत्री नरेन्द्र सिंह रघुवंशी, जनपद पंचायत सदस्य ज्योति कपिल रघुवंशी तथा ग्राम पंचायत नौघई की सरपंच अनीता वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी मौजूद रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सड़क निर्माण कार्य क्षेत्रीय विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगा और ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाएगा। कार्यक्रम के अंत में जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित अधिकारियों और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए जिले के प्रत्येक गांव तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने के संकल्प को दोहराया।

### चिता के पास पहुंचा मोर, लोगों ने माना दिव्य संकेत

**ग्यारसपुर।** ग्राम पंचायत ऊहरकोटरा के फुर्तला गांव में स्वर्गीय बाबूलाल मीना के अंतिम संस्कार के समय उनकी चिता के पास अचानक मोर सहित अन्य पक्षी आकर बैठ गए, जिससे उपस्थित लोग आश्चर्यचकित रह गए। यह घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अंतिम संस्कार की प्रक्रिया चल रही थी। इसी दौरान एक मोर उड़कर आया और कुछ समय तक चिता के समीप ठहरा रहा। उसके साथ कौआ, कबूतर और अन्य पक्षी भी आसपास मंडराते और बैठ गए। शोक में डूबे परिजन और ग्रामीण इस दृश्य को देखकर भावुक हो उठे। क्योंकि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हिंदू धर्म में मोर को पवित्र और शुभ पक्षी माना जाता है।

---

# सीएम हेल्पलाइन की 65 शिकायतों का समाधान, एसपी बोले- सारी समास्याओं का निराकरण करना पुलिस की प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए बुधवार को पुलिस लाइन के सामुदायिक भवन में सीएम हेल्पलाइन जन शिकायत निवारण शिविर लगाया गया।

एक मामले में विकास श्रीवास्तव ने दहेज प्रताड़ना प्रकरण में बिना समुचित जांच के नाम दर्ज किए जाने की शिकायत की। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके छोटे भाई की पत्नी द्वारा दर्ज कराए गए दहेज प्रताड़ना के मामले में बिना जांच उनके और उनके परिवार के सदस्यों के नाम शामिल कर लिए गए हैं। श्रीवास्तव ने बताया कि वे वर्ष 2008 से गुजरात में लोको पायलट के पद पर कार्यरत हैं और घटना के समय भी ड्यूटी पर थे। उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की। जिस पर एसपी ने जांच के निर्देश दिए हैं। एसपी रोहित काशवानी ने कहा सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण पुलिस की प्राथमिकता है। इस शिविर में एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे, सीएसपी अतुल सिंह, एसडीओपी लटेरी अमरेश बोहरे और एसडीओपी कुरवाई रोशनी सिंह सहित जिले के कई थाना व चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। सिरोंज और बासौदा अनुविभाग के थाना प्रभारी कानून-व्यवस्था संबंधी ड्यूटी के कारण शिविर में शामिल नहीं हो सके। शिविर में खाईखेड़ा निवासी देवेंद्र राजपूत की 513 दिन पुरानी सीएम हेल्पलाइन शिकायत का संतोषजनक समाधान किया गया।

#### दो साल पहले चोरी हुई भैंस अब तक नहीं मिली

बूढ़ी बागरोद निवासी जगत सिंह कुशवाह ने दो साल पहले चोरी हुई भैंस के मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि मजदूरी कर खरीदी गई एक लाख रुपए की भैंस अब तक बरामद नहीं हुई है। अधिकारियों ने मामले की पुनः जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस द्वारा पूर्व सूचना दिए जाने के बावजूद अपेक्षा के अनुरूप भीड़ नहीं रही, फिर भी शिविर में पहुंचे नागरिकों की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर समाधान किया गया।

---

# दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड से लौटीं दामिनी और सिमरन का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



गर्ल्स स्कूल की एनसीसी कैडेट्स ने जिले और महाविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित 26 जनवरी की गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होकर लौटने पर एनसीसी कैडेट सार्जेंट दामिनी विश्वकर्मा एवं एलसीपीएल सिमरन अहिरवार का कॉलेज में स्वागत किया गया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार, वरिष्ठ प्राध्यापक नीता पांडेय, रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नीता दीक्षित, प्रोफेसर रवि रंजन, डॉ. मनोज अहिरवार, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. विनीता प्रजापति, महाविद्यालय स्टाफ एवं एनसीसी कैडेट्स की उपस्थिति में दोनों कैडेट्स का पुष्पहार पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सभी ने मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की और उनकी उपलब्धि पर बधाई दी।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2335
उच्चतम भाव-5910
सरसों
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-6490
चना
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-5452
मसूर
न्यूनतम भाव-1710
उच्चतम भाव-6111
ज्वार
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-5200
मक्का
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-1601
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2080
उच्चतम भाव-3290
धान
न्यूनतम भाव-1650
उच्चतम भाव-4261
बटरी
न्यूनतम भाव-2830
उच्चतम भाव-4200
उड़द
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-6910
गेहूं
न्यूनतम भाव -2080
उच्चतम भाव- 3126
धनिया
न्यूनतम भाव-7300
उच्चतम भाव-9000
तुअर
न्यूनतम भाव-1076
उच्चतम भाव-6830
मूंग
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-5000

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 11944 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### बाधा बने अतिक्रमण को हटाया गया



**गंजबासौदा।** नगर के वार्ड क्रमांक 15 बायपास मार्ग पर नाला निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया है। इस दौरान बाधक बन रहे अतिक्रमण को नपा द्वारा हटा दिया गया।

### ट्रॉली का हिच टूटा



**गंजबासौदा।** बुधवार को सुबह के कृषि उपज मण्डी में जाते समय बरेठ रोड पर अनाज से भरी ट्रैक्टर, ट्रॉली का हिच टूट गया। संयोग से इस घटना के समय कोई व्यक्ति ट्रॉली की चपेट में नहीं आया।

# ग्राम डाबर से 11 केवी लाइन का तार चोरी करते चोर को पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

त्योंदा विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत आने वाले ग्राम डाबर पर 11 केवी लाइन का तार चोरी करते हुए एक व्यक्ति को रंगे हाथों पकड़ा है। पकडे गए आरोपी और उसके साथी के खिलाफ शहर थाने में मामला दर्ज कराया गया है। विद्युत कंपनी के त्योंदा कार्यालय के सहायक प्रबंधक उपदेश यादव द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया है कि ग्राम डाबर से मोरोदा के बीच 11 केव्ही मिक्स लाईन के तार ग्राम डाबर में फैजान खाँन के खेत में से गुजरी एलुमीनियम के 11 केव्ही लाईन के तार काट दिये गये थे। जिसमें एक चोर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया, जबकि उसके साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये। ग्राम डाबर निवासी फैजान खान, आजम खान, अयान खान व अन्य ग्रामीणों ने राकेश मैना को काटे गये 70 मीटर तार के साथ डायल 112 के माध्यम से पुलिस के सुपुर्द किया। मौके पर निरीक्षण करने पर डाबर और मोरोदा के बीच में 11 केव्ही डाबर मिक्स लाईन के गाले का एक तार, दो गाले के दो तार, तीन गाले के तीन तार, कुल 6 गाले में 980 मीटर 11 केवी का तार चोरी पाया गया। गाले का तार लगभग 70 मीटर मौके से पकडे गये राकेश मैना के पास मिला है, शेष तार उसके साथी लेकर मौके से फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की खोजबीन में जुटी हुई है। सहायक प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने राकेश मैना निवासी ग्राम दीघौरा व अन्य साथी के विरूद्ध धारा 303 (2) बीएनएस 136 म.प्र. विद्युत अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ कक्षा 12वीं का पहला पेपर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विकासखंड में कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गईं। मंगलवार को पहले दिन अंग्रेजी का पेपर हुआ। इस दौरान परीक्षा देकर बाहर निकले छात्र छात्राओं के चेहरे खिले नजर आए। छात्रों का कहना था कि पेपर आसान था और समय पर पूरा हो गया। विकासखंड में बोर्ड परीक्षाओं के लिए कुल 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 2315 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड थे। इनमें से 2276 छात्रों ने परीक्षा दी, जबकि 39 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार ने बताया कि अंग्रेजी विषय की परीक्षा में कुल 39 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि 15 परीक्षा केंद्रों में से शासकीय उत्कृष्ट उत्तर माध्यमिक विद्यालय और शासकीय मॉडल स्कूल को संवेदनशील केंद्र घोषित किया गया है। इन केंद्रों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती गई। अंग्रेजी के पेपर में कहीं भी नकल का कोई मामला सामने नहीं आया। परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई।

## पुलिस ने कुछ आरोपियों को किया गिरफ्तार, शेष की तलाश जारी

# दोस्तों के विवाद में युवक पर चाकू से हमला किया, अस्पताल में मौत







हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को रात्रि के समय दुर्गा नगर निवासी 24 वर्षीय गौरव यादव की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना के विरोध में बुधवार दोपहर परिजनों ने जय स्तंभ चौराहे पर चक्का जाम कर इंसाफ की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरव के दोस्त हर्ष का कुछ लोगों से पुराना विवाद चल रहा था। हर्ष के बुलाने पर गौरव बहलोट बायपास स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पीछे पहुंचा। वहां पहले से मौजूद युवकों के साथ विवाद बढ़ गया और एक युवक ने गौरव के सीने पर चाकू से हमला कर दिया। इस घटना के बाद गौरव को अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया गया, लेकिन ज्यादा खून बह जाने के कारण विदिशा में इलाज के दौरान गौरव की मौत हो गई। गौरव की मौत के बाद भड़के परिजनों ने बुधवार को जय स्तंभ चौराहे पर चक्का जाम कर दिया। चक्का जाम कर रहे परिजनों का आरोप था कि घटना में तीन से ज्यादा लोग शामिल थे, लेकिन पुलिस ने कम लोगों पर केस दर्ज किया है। परिजनों ने आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग की है। चक्का जाम की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे एसडीओपी शिखा भलावी, शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया, देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे सहित प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने के बाद चक्का जाम खत्म हुआ। फिलहाल नामजद आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। शुरुआती जांच में अन्य लोगों के शामिल होने की बात भी सामने आई है, जिनकी तलाश की जा रही है। जबकि कोतवाली टीआई संजय बेदिया का कहना है कि हत्या के मामले में चार आरोपी हैं, इन सभी को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# श्रीमद भागवत कथा को लेकर निकाली भव्य कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्रीमद् भागवत कथा एवं श्री राम महायज्ञ के आयोजन के लिए बुधवार को रेलवे स्टेशन के सामने प्राचीन मील वाली माता मंदिर से पंपापुर धाम बेहलोट रोड रामनगर कॉलोनी कथा स्थल के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली गई। उक्त आयोजन में कथा व्यास महंत रामानुज दास महाराज हरिद्वार उत्तराखंड, यज्ञकर्ता बाबा भरत गिरी महाराज पंपापुर धाम रामनगर ,रामदेव बाबा मंदिर के संस्थापक पंडित हरिनारायण पाठक, वेदांत आश्रम के संचालक महंत हरिहर दास महाराज तथा यज्ञाचार्य पंडित अनिल चतुर्वेदी एवं अन्य संत महात्माओं तथा मुख्य यजमानो सहित समाजसेवी सत्यपाल तनवानी, गुड्डू यादव सहित बड़ी संख्या में माताएं बहिने मौजूद थीं जो सर पर कलश लेकर भगवान के भजन गाते हुए चल रहीं थीं।

# भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को नगर के वार्ड क्रमांक 12 के बूथ क्रमांक 61 एवं वार्ड क्रमांक 16 के बूथ क्रमांक 76 पर भारतीय जनता पार्टी के आधार स्तंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर पुण्य स्मरण किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। जिन्होंने पं. उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संजय भावसार, एडवोकेट सुनील भावसार, निक्की ताम्रकार, उमेश ताम्रकार, शैलेंद्र यादव, रमेश सोलंकी, नम्रता, सुनील शर्मा सहित अनेक वार्डवासी एवं भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। जिन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# नो थू-थू अभियान से बदलेगा शहर का चेहरा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के तहत नगर पालिका परिषद ने शहर को स्वच्छ, सुंदर और रेड स्पॉट मुक्त बनाने के लिए "नो थू-थू अभियान" की जोरदार शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों पर थूकने की प्रवृत्ति को समाप्त कर शहर की स्वच्छ छवि को सुदृढ़ करना है। अभियान के अंतर्गत आज शहर के प्रमुख स्थानों पर विशेष जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। नागरिकों को बताया गया कि सार्वजनिक स्थानों पर थूकना केवल गंदगी ही नहीं फैलाता, बल्कि यह टीबी, फ्लू एवं अन्य संक्रामक रोगों के प्रसार का कारण भी बनता है। स्वच्छता और स्वास्थ्य दोनों की दृष्टि से यह आदत अत्यंत हानिकारक है। नगर पालिका द्वारा चिन्हित रेड स्पॉट क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाकर पुताई करवाई गई, ताकि शहर की दीवारों और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ स्वरूप दिया जा सके। साथ ही नागरिकों को सड़कों, शासकीय कार्यालयों, अस्पतालों, बस स्टैंड एवं धार्मिक स्थलों पर थूकने से सख्ती से बचने की अपील की गई। यह अभियान शासकीय अस्पताल, शीतला माता मंदिर, बस स्टैंड, पोस्ट ऑफिस सहित अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में चलाया गया, जहाँ लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। अभियान में पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आर के नेमा एवं आईईसी गतिविधि समन्वयक आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी की टीम सक्रिय रूप से उपस्थित रही। टीम ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे स्वच्छता को आदत बनाएं और गंजबासौदा को स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में अग्रणी स्थान दिलाने में सहयोग करें।

### अनियंत्रित होकर कार पलटी



**गंजबासौदा।** मंगलवार को देर रात्रि के समय पचमा आगे गुलाबगंज रोड पर एक लाल रंग की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। कार की स्पीड अधिक होने के चलते कार के एयर बैग खुल गए एवं बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। समाचार लिखे जाने तक कार के मालिक एवं घायलों की जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है।

### बजट न होने के कारण लेट हुआ था वेतन - शिक्षाधिकारी

**गंज बासौदा।** विकास खण्ड शिक्षाधिकारी परता अहिरवार ने बताया कि बजट के अभाव में इस बार प्राथमिक शिक्षकों का वेतन नहीं मिल पाया था। अब सभी शिक्षकों को वेतन का भुगतान कर दिया गया है, शिक्षकों का हम हमेशा वेतन समय से भुगतान करते हैं। शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने शिक्षाधिकारी की कार्यप्रणाली की प्रसंशा करते हुए आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालों में अमरसिंह तोमर, संजीव रघुवंशी, विनोद श्रीवास्तव, लम्पूराम अहिरवार, अरूण रघुवंशी, रामबाबू ,अरूण पाण्डे, संजय अहिरवार आदि शिक्षक शामिल हैं।

## विभिन्न समाजबंधुओं ने धर्मशाला निर्माण के लिए राशि दी

# यादव समाज धर्मशाला में हॉल निर्माण का हुआ भूमि पूजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

यादव समाज सेवा समिति द्वारा स्वर्गीय हल्केराम यादव की पुण्यतिथि पर यादव समाज धर्मशाला में हॉल निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जगदीश यादव प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा मध्यप्रदेश की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में यादव धर्मशाला निर्माण के लिए पूर्व में सक्रिय रहे स्वर्गीय हल्के राम यादव, अनिल यादव, भैया लाल यादव चक्क, भैया लाल यादव शहर, पूरन चंद गोप, परमानंद यादव, राजवीर सिंह यादव, राजेश यादव छुलेंटा, रज्जु लाल यादव, महादेव प्रसाद यादव की फोटो पर समाजजनों द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में धर्मशाला निर्माण के लिए 50000 रुपए भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव, 21000 रामबाबू यादव शहर, 21000 राकेश यादव महानीम चौराहा, 11000 जितेन्द्र यादव अहमदपुर, 2100 रामपाल यादव विदिशा वालों के द्वारा 105100 रुपए की नगद राशि प्रदान की गई। जबकि 100000 स रूपए स्व हल्केराम यादव के पुत्र केशव यादव ने, 51000 कप्तान सिंह यादव पठारी, 51000 बलराम यादव चक्क, 51000 माधो सिंह यादव ठेकेदार, 51000 जयपाल यादव करमेढ़ी सहित अन्य स्वजातिय बंधुओं ने अपनी ओर से 628400 रुपए की सहयोग राशि देने की घोषणा की।

इस मौके पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने यादव समाज सेवा समिति द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य की प्रशंसा एवं सराहना की एवं नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने नगर विकास में विधायक के योगदान एवं सहयोग की प्रशंसा की। साथ ही धर्मशाला निर्माण में सभी स्वजनों से तन मन धन से सहयोग करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में रविन्द्र यादव, मलखान सिंह यादव, धर्मेंद्र यादव, शिवराज यादव, रजनीश यादव, जसवंत सिंह यादव, जितेन्द्र यादव, महेंद्र यादव, पैजन सिंह यादव, राकेश यादव विदिशा से, हरि सिंह यादव, राकेश यादव, कलेक्टर सिंह शमशाबाद से, गजेन्द्र यादव, मनोज यादव, संजू यादव, शुभम यादव, रमेश यादव, संजीव यादव एवं स्व हल्के राम यादव के पुत्र केशव यादव, नरेंद्र यादव, धर्मेंद्र यादव अपने परिजनों एवं स्वजातीय बंधुओं के साथ उपस्थित रहे।

# सांसारिक वासना त्यागने से ही सुख मिलता है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राजेंद्र नगर डिडोली मंदिर के पास नीरज शर्मा जी के बगीचे में हो रही शिव महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस रिद्धि सिद्धि का विवाह श्री गणेशजी के साथ हुआ और मनोहारी झांकी सजाई गई।

कथा प्रवक्ता आचार्य पंडित विकास आनंद ऐलिया ने कथा का वाचन करते हुए कहा कि सांसारिक वासना के त्याग करने से ही जीव को शांति मिलती है। जीवन में सुख चाहते हो सांसारिक वासना को त्यागना पड़ेगा। शिव की प्राप्ति भोग से नहीं योग से प्राप्त होती है। श्रावण मास में ब्रह्मचर्य सदाचार का पालन करके शिव आराधना करने से मानव को अलौकिक आनंद की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि धर्म ध्वज की पुत्री तुलसी के श्राप के कारण गणेशजी का विवाह दो पत्नियों के साथ हुआ जो गणेश विवाह की कथा को सुनता है उनका दांपत्य जीवन हमेशा सुखी रहता है। काशी विश्वनाथ की कथा को बड़े रोचक ढंग के साथ सुनाया गया। काशी में जिसकी मृत्यु होती है वह मोक्ष को प्राप्त होता है। शंखचूड़ तुलसी के विवाह की कथा भी सुनाई। कथा का श्रवण करने बड़ी संख्या में लोग जुट रहे हैं। पंडित ऐलिया ने शिव महापुराण के प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्री गणेश प्रथम पूज्य देवता हैं। शुभ कार्य में सबसे पहले उनकी पूजा की जाती है।

गणेश रिद्धि सिद्धि के विवाह की कथा सुनने से हमारा दांपत्य जीवन सुखी रहता है। उन्होंने कहा कि भक्ति में दिखावा मत करो भोले बाबा दिखावा आडंबर से प्रसन्न नहीं होते। उनकी भक्ति पाने के लिए निर्मल मन समर्पण भाव की जरूरत होती है। शिवजी को प्रसन्न करने के लिए दिल से भक्ति करो। उन्होंने कहा कि गणेश बुद्धि के देवता है। उन्होंने अपने माता-पिता की परिक्रमा करके शिव पार्वती को प्रसन्न किया। क्योंकि माता पिता ही ईश्वर का रूप है, जो माता पिता की सेवा से दूर रहता है। उन्हें शिव से मिलने की भक्ति करने की जरूरत नहीं है। इस दौरान कथा में उपस्थित मुख्य जजमान नीति नीरज शर्मा, वंदना दिलीप शर्मा, आचार्य गण सहित कई भक्त उपस्थित रहे।

### आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर में 80 ग्रामीणों का किया परीक्षण

**गंजबासौदा।** बुधवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर खदेड़ द्वारा जोगी किरोदा हाई स्कूल में स्वास्थ्य चिकित्सा सिविल का आयोजन किया गया। इस शिविर में निशुल्क आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण किया गया एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण डॉक्टर माया सिंह एमो द्वारा किए गए एवं औषधि वितरण और शिविर संचालन रमेश कुमार गुजराती कंपाउंडर द्वारा किया गया। शिविर में 80 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में अन्य जानकारियों के साथ भी पोषण एवं स्वस्थ रहने हेतु उपायों एवं योग खान-पान आहार बिहार की जानकारी दी गई।



### जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है: विधायक

# मैं जब तक जिऊंगा सिरोंज-लटेरी की सेवा करूंगा: विधायक शर्मा





**किशोरी बालिका ने विधायक को भेंट की पेंटिंग**

*कार्यक्रम में किशोरी बालिका साधना शाक्य ने विधायक उमाकांत शर्मा का स्वयं निर्मित चित्र भेंट किया, जिस पर विधायक श्री शर्मा ने बालिका का सम्मान किया एवं सिद्धीकगंज से आई आजीविका दीदी लीला बाई ने अपने हाथों से बनाई गणेश जी भेंट किये। वहीं रामसुखी बाई ने ड्रेस के बचे कपड़ों से निर्मित विभिन्न उत्पाद प्रस्तुत किए। अन्य दीदियों द्वारा बनाए गए स्वनिर्मित उत्पाद भी विधायक उमाकांत शर्मा को भेंट किए गए।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सिरोंज-लटेरी रोड पर वन विभाग के सामने 45 लाख रुपये की लागत से निर्मित मध्यप्रदेश दीनदयाल अंत्योदय ग्रामीण आजीविका मिशन सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र का लोकार्पण एवं 40 लाख रुपये की लागत से शहर के वार्ड क्रमांक 21 में बनने वाली सीसी सड़कों का भूमिपूजन व लोकार्पण विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 58वीं पुण्यतिथि के अवसर पर इस भवन का लोकार्पण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिलाएं स्वरोजगार सहित सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। यह भाजपा सरकार है जिसमें महिलाओं को 50 प्रतिशत तक आरक्षण दिया जा रहा है। लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी, सुकन्या योजना एवं लखपति दीदी जैसी योजनाओं से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं।

**हम सदैव नारी समाज का सम्मान करते आए हैं**

इस मौके पर विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा कहते हैं कि उनकी चार जातियां हैं नारी शक्ति, युवा, किसान और गरीब। भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा कश्मीर से धारा 370 एवं 35ए हटाना हमारी बड़ी उपलब्धि है, विधायक ने कहा कि एक समय देश पुरुष प्रधान हुआ करता था, लेकिन आज महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। हमारे यहां कहा जाता है कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है। सम्मान का अर्थ केवल रोली-तिलक नहीं, बल्कि वास्तविक आदर से है। उन्होंने लक्ष्मी, सरस्वती, पार्वती एवं अनुसुइया के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सदैव नारी समाज का सम्मान करते आए हैं। उन्होंने कहा कि जहां भी आपको मेरी आवश्यकता होगी, मैं सदैव आपके सहयोग के लिए तत्पर रहूंगा। मेरे भैया स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा इस क्षेत्र के सच्चे सेवक थे। मैं भी उनकी ही तरह जब तक जिऊंगा, सिरोंज-लटेरी की सेवा करूंगा और मरूंगा तो भी सिरोंज-लटेरी के लिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, नपा उपाध्यक्ष मनोज साईंनाथ, आजीविका मिशन जिला प्रबंधक रवि चौकसे, अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा, जनपद सीईओ आशीष अग्रवाल, आजीविका ब्लॉक प्रबंधक सतेंद्र श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में आजीविका दीदियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आभार जनपद सीईओ आशीष अग्रवाल ने व्यक्त किया एवं मंच संचालन सतीश श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

**वार्ड 21 में सीसी सड़कों का भूमिपूजन व लोकार्पण**

*वार्ड क्रमांक 21 की विभिन्न गलियों में 10 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड एवं नाली निर्माण का भूमिपूजन किया गया। साथ ही अजब सिंह कुशवाह के घर से फेरन सिंह यादव के घर तक, भोपाल रोड से जटाशंकर मंदिर गेट तक, गंगाराम के मकान से सिद्ध बाबा मंदिर तक तथा भोपाल रोड से अयोध्या बस्ती गेट तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण (कुल लागत 30 लाख रुपये) का लोकार्पण किया गया। जिसमे विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को मिल-जुलकर सिरोंज के विकास एवं सेवा के लिए कार्य करना है इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, उपाध्यक्ष मनोज साईंनाथ, पार्षद सचिन शर्मा, राजामियां, संजू सोनी, धर्मेंद्र जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष चौरे, रमेश यादव, पारस तारण, नगरपालिका सीएमओ रामप्रकाश साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

**अजीविका मिशन से बदला है जीवन**

कार्यक्रम में अजीविका मिशन से सफल ह्नलखपति दीदीह्न बनी करईखेड़ा की गंगा अहिरवार ने अपने संघर्ष से सफलता तक की कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि वह लटेरी की रहने वाली थी, और मेरी शादी करईखेड़ा में मध्यम परिवार में हुई और अधिक शिक्षित नहीं थीं। विवाह के बाद गृहस्थ जीवन तक सीमित थीं, लेकिन आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद समूह बनाया और धीरे-धीरे कार्य का विस्तार किया। आज वह लखपति दीदी बन चुकी हैं तथा उन्होंने कॉलेज की पढ़ाई भी पूरी कर ली है। इसी प्रकार पामाखेड़ी की क्रांति पाल ने कहा कि पहले उन्हें मंच पर बोलने का आत्मविश्वास नहीं था, लेकिन आजीविका मिशन ने उनकी क्षमता को पहचाना। आज कई महिलाएं ऐसी है जो पहले हस्ताक्षर भी ठीक से नहीं कर पाती थीं, वे आज सशक्त बन रही हैं। उन्होंने बताया कि उनका बेटा अग्निवीर है और बेटी भोपाल से एमबीए कर रही है।

### हरिभूमि से विशेष चर्चा में हार्दिक हुंडिया ने बताई क्षमा की जीवन कहानी

## तमाम मेडल जीत चुकी क्षमा रेडेकर की मदद के लिए लोग आगे आएं: हुंडिया

### हुनर दिखाने का मौका लेकिन जाने के लिए पैसे नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

स्टार रिपोर्ट मेगेज़िन कार्यालय में धाविका क्षमा रेड़कर ने प्रधान संपादक हार्दिक हुंडिया से सदिच्छा भेंट की। इस अवसर पर हार्दिक हुंडिया ने उपवस्त्र एंव सुवर्ण पुष्प से उनका सम्मान किया। वही हरिभूमि संवाददाता एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने चर्चा में हार्दिक हुंडिया ने बताया कि क्षमा रेड़कर ने अपने जीवन में मात्र 17 साल की उम्र में कांदिवली से चर्चगेट तक हाथ में मशाल लेकर अकेले नशा मुक्त भारत के लिए मैराथन दौड़ पूरी करने वाली धाविका क्षमा रेडेकर का सम्मान तब तत्कालीन कमिश्नर सुश्री मीरा बोरवणकर के हाथों से ढोल नगाड़े से किया गया और उन्होंने क्षमा रेड़कर को उस वक्त पुलिस में भर्ती होने के लिए कहा। क्षमा कहती हैं कि उन्हें मीरा बोरवणकर और किरण बेदी से प्रेरण मिली है। उस समय में ना मोबाइल थे, ना तो विडियो थे, उनके पिता की केन्टीन पर जाकर उनके क्षमा के सहपाठी ने बताया कि क्षमा आज कांदिवली से चर्चगेट तक दौड़ी है तब पहले तो उनके पिता को भरोसा ही नहीं हुआ था। क्षमा रेड़कर ने पुलिस विभाग में महिला पुलिस सिपाही के पद पर ठाणे शहर में भर्ती हुई थी। अपने क्षेत्र में कार्यरत रहते हुए उन्होंने दौड़ कि अनेक प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर के गोल्ड मेडल जीता। पुलिस को चैंपियनशिप दिलाई थी।



**थाईलैंड जाने के लिए लगा रही मदद की गुहार**

*फरवरी 2026 में होने वाली बॉर्डर मैराथन में दौड़ने हेतु क्षमा रेडेकर का चयन हुआ है। इसके साथ ही थाईलैंड में आयोजित मास्टर गेम्स के लिए इनका चयन हो चुका है। क्षमा रेडेकर ने देशवासियों,राज्य सरकार और केन्द्र सरकार से गुहार लगाई है कि, ह्नमैं वर्तमान में सेवानिवृत्त हूँ तथा मेरी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मुझे पैसों की अत्यधिक कठिनाई हो रही है। मेरी बॉर्डर मैराथन एवं थाईलैंड मास्टर गेम्स में भाग लेने की अत्यंत इच्छा है। आज तक मैं अपने लिए दौड़ती रही, परंतु अब मेरी इच्छा है कि मैं देश के लिए दौड़ूं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम गौरवान्वित करूं। इसलिए सबसे निवेदन है कि मुझे बॉर्डर मैराथन एवं थाईलैंड मास्टर गेम्स में भाग लेने हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने की कृपा करें, ताकि मैं इन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जीत हासिल कर सकूं।*

## अभियान का उद्देश्य किसानों तक तकनीकी जानकारी सीधे पहुंचाना: एसएडीओ धाकड

### कृषि रथ के माध्यम से किसानों तक पहुंचाई जा रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मध्य प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रह है। इसके उपलक्ष्य में विकासखण्ड सिरोंज में विभिन्न ग्रामों में कृषि रथ चलाकर कृषकों को कृषि विभाग, उद्यानकी विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि वैज्ञानिक सहकारिता विभाग, कृषि उपज मंडी के अधिकारी अपने विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। कृषि रथ में कृषि महाविद्यालय गंज बासोदा से पधारे कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को आधुनिक,तकनीकी कृषि एवं नरवाई प्रबंधन के बारे में जानकारी दी जा रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को कृषि उपज मंडी परिसर सिरोंज से ग्राम करीमाबाद व ग्राम कांजीखेड़ी में कृषि रथ पहुंचा। इस अवसर पर पशुपालन विभाग कृषि रथ जिला नोडल अधिकारी डॉ. नरेन्द्र शुक्ला,कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रीती



चौहान,सिरोंज कृषि विभाग एसएडीओ अनुज कुमार धाकड़,कृषि विभाग एईओ शुभांकर दुबे,उद्यानकी विभाग आरएचईओ शिवम अहिरवार,पशुपालन विभाग सी.पी महेश्वरी,कृषि उपज मंडी सचिव लक्ष्मीनारायण भिलाला प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी अधिकारिओं ने विभागों द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की क्रमबद्ध जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रीती चौहान द्वारा कृषकों को तकनीकी खेती एवं जैविक खेती के माध्यम से कृषि को लाभकारी बनाने हेतु विभिन्न जानकारी दी।

## अनेकांतवाद के संदेश के साथ जैन समाज की जनसंख्या पर जताई चिंता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मुनिश्री संभवसागर महाराज ने बुधवार प्रातःकालीन धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि संसार की प्रत्येक वस्तु नित्य भी है और अनित्य भी। आत्मा नित्य है, जो कभी नष्ट नहीं होती, किंतु पर्याय दृष्टि से वही अनित्य प्रतीत होती है। जन्मा शिशु बालक बनता है, फिर युवा और अंततः वृद्ध होकर देह त्याग देता है तथा नई पर्याय को प्राप्त करता है। इस प्रकार परिवर्तनशीलता के कारण अनित्यत्व समझ में आता है।

उन्होंने कहा कि जैन दर्शन में अनेकांतवाद और स्यादवाद के माध्यम से विरोधी प्रतीत होने वाले धर्मों को भी समझा जा सकता है। वस्तु एक ही होती है, पर उसके कथन अनेक हो सकते हैं—जैसे एक व्यक्ति किसी का पुत्र, किसी का पति और किसी का भाई होता है। इसलिए "मैं ही सत्य हूं" कहना स्वयं असत्य है। मुनिश्री ने जैन समाज की घटती जनसंख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज परिवारों में एक या दो संतान ही रह गई हैं। भविष्य में युवा घरों से दूर नौकरी करेंगे और घरों में केवल वृद्ध रह जाएंगे, जिससे संयुक्त परिवार व्यवस्था समाप्ति की ओर बढ़ रही है। ऐसे में बड़े-बड़े जिनालयों की सुरक्षा भी चुनौती बन सकती है।

उन्होंने चीन का उदाहरण देते हुए संतुलित जनसंख्या के महत्व पर जोर दिया और समाज से इस दिशा में गंभीर चिंतन का आह्वान किया। जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि गुरुवार से शीतलधाम में चार दिवसीय बेदी शिलान्यास कार्यक्रम प्रातः 7 बजे मांगलिक क्रियाओं के साथ प्रारंभ होगा। शीतलविहार न्यास एवं सकल दिगंबर जैन समाज ने श्रद्धालुओं से सहभागिता की अपील की है।

## शूटिंगबॉल वर्ल्ड कप विजेता इशिका मीना का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शूटिंगबॉल विश्व विजेता इशिका मीना का वी टीच कॉन्वेंट स्कूल में विधायक मुकेश टंडन द्वारा पुष्पमालाओं एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर भव्य सम्मान किया गया।

इस अवसर पर विधायक टंडन ने इशिका की उपलब्धि को जिले और प्रदेश के लिए गौरव का विषय बताते हुए कहा कि इशिका जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से खेलों में मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। विधायक ने कहा कि इशिका ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल विदिशा, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि बेहतर प्रशिक्षण, खेल मैदान, सुविधाओं तथा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से चर्चा कर आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने की बात भी कही। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर मयंक कर्ण ने इशिका की मेहनत, समर्पण और अनुशासन की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार की ओर से गर्व व्यक्त किया। इस दौरान गणमान्य नागरिक, शिक्षकगण, विद्यार्थी, खेल प्रेमी तथा इशिका के परिजन मौजूद रहे।



## दिव्यांग बच्चों को उपकरण देने लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जनपद शिक्षा केंद्र कुरवाई में दिव्यांग बच्चों के लिए विकासखंड स्तरीय उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना रहा।

अतिथियों द्वारा दिव्यांग बच्चों को आवश्यक शैक्षणिक एवं सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि समावेशी शिक्षा से ही समाज का समग्र विकास संभव है। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षकगण, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी, विधानसभा संयोजक विनोद जैन, मंडल अध्यक्ष राजेश लोधी, बीओ कमलसिंह बागड़ी, बीआरसी शम्भूदयाल विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी वरुण चौबे, सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य रश्मिकांत श्रीवास्तव, कन्या विद्यालय प्राचार्य राकेश चौबे मौजूद रहे।



**संयुक्त संचालक विशेन ने किया विद्यालयों का निरीक्षण**

**सागर।** संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी के निर्देश पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण शत्रुंजय प्रताप सिंह विशेन ने दमोह जिले के उच्चतर माध्यमिक एकीकृत विद्यालय कुम्हारी का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। विद्यालय में अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए।

## दुग्ध उत्पादन दोगुना करने महिलाओं को मिलेगा विशेष सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के मुख्यमंत्री के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पशुपालन विभाग द्वारा संचालित 'क्षीर धारा ग्राम' योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पशुपालन विभाग एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मध्य अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित किया गया है।

इस संबंध में संयुक्त कार्ययोजना जारी करते हुए दोनों विभागों के अमले को ग्राम स्तर पर समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। योजना का मूल उद्देश्य नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, संतुलित पोषण एवं उन्नत पशुपालन पद्धतियों को बढ़ावा देकर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करना है। योजना की सफलता ग्रामीण स्तर पर एकीकृत क्रियान्वयन पर निर्भर है, जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण मानी गई है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ग्राम पंचायतों, सामुदायिक संगठनों तथा ग्रामीण समुदाय से प्रत्यक्ष जुड़ा हुआ है और गरीबी उन्मूलन तथा विशेष रूप से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं का संचालन करता है।

विभाग द्वारा निराश्रित गोवंश प्रबंधन, गौशालाओं का संचालन तथा स्वयं सहायता समूहों को पशुपालन आधारित गतिविधियों हेतु ऋण सुविधा उपलब्ध कराना जैसे कार्य भी किए जाते हैं। वहीं पशुपालन विभाग द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन, नस्ल सुधार, टीकाकरण, पशु स्वास्थ्य सेवाएं एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। दोनों विभागों के संसाधनों एवं विशेषज्ञता के समन्वित उपयोग से योजना को प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा।

## गंभीर अपराधों की समीक्षा, हॉट स्पॉट क्षेत्रों पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

एसपी रोहित काशवानी की अध्यक्षता में पुलिस कंट्रोल रूम में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना एवं चौकी प्रभारी तथा शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। इस दौरान लंबित अपराधों, न्यायालयीन प्रकरणों, विशेष अधिनियमों, नशा उन्मूलन कार्रवाई तथा जनसुनवाई से जुड़े मामलों की विस्तृत समीक्षा कर प्राथमिकताएं तय की गईं।

पुलिस अधीक्षक ने लंबित मामलों एवं महिला अपराधों की त्वरित व संवेदनशील विवेचना कर शीघ्र चालान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ऑपरेशन मुस्कान के तहत बालिकाओं की दस्तयाबी, काउंसलिंग और विधिक प्रक्रिया के पालन पर विशेष बल दिया गया। वहीं एससी एसटी एक्ट के लंबित प्रकरणों के समयसीमा में निराकरण तथा पीड़ितों को राहत राशि वितरण में विलंब न होने के निर्देश दिए गए। एनडीपीएस मामलों में ड्रग नेटवर्क के उद्भेदन और हॉट स्पॉट क्षेत्रों में सतत निगरानी बढ़ाने को कहा गया। अपराध प्रभावित क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग, सीसीटीवी स्थापना हेतु जनसहयोग तथा लंबित मर्ग, चालान और न्यायालयीन समंस, वारंट की तामीली के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

आदतन अपराधियों व असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई तथा संपत्ति अपराधों में मोबाइल रिकवरी बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।



**अनुशासन और त्वरित पुलिसिंग**

थानों में रात्रिकालीन स्टाफ उपलब्धता, डायल-112 की त्वरित प्रतिक्रिया, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के समयबद्ध निराकरण और जनता से शालीन व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। हत्या, बलात्कार, डकैती व अपहरण जैसे गंभीर अपराधों में शीघ्र विवेचना और प्रभावी पैरवी पर विशेष बल दिया गया।

## विकास के विषयों पर दी जानकारी



**ग्यारसपुर।** बुधवार को सेक्टर बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत भवन ग्यारसपुर में किया गया। कार्यक्रम समन्वयक शैलेंद्र रघुवंशी द्वारा ने प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों को आदर्श ग्रामसंस्कार केंद्र जन सूचना केंद्र वाचनालय पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण नर्सरी दस्तावेजीकरण नियमित बैठक जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन देते हुए इन गतिविधियों को प्रभावी रूप से ग्राम स्तर पर लागू करने का आह्वान किया। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष मोहनपुर से सीताराम कुशवाह प्रस्फुटन समिति ग्यारसपुर से राघवेंद्र शर्मा, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष रामकिशोर विश्वकर्मा, संदीप प्रजापति प्रस्फुटन समिति हिम्मतपुर से। हरिओम यादव सचिव एवं परामर्शदाता लोकेश नामदेव प्रस्फुटन समिति बासा दही से नीलेश अहिरवार एवं अन्य सदस्यों ने ग्राम विकास में सक्रिय सहभागिता निभाने एवं जन अभियान परिषद की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गजराज सिहं यादव एंव श्रीमति मुन्नी बाई यादव निवासी - वार्ड नं 11 कटसारी तहसील व जिला रायसेन के स्वामित्व व आधिपत्य का एक आवासीय मकान नं 536, (P) ग्राम सुनारी सला प. ह. नं. 18 तहसील व जिला रायसेन में स्थित है। सर्वे नं. 27 (B) जिसका क्षेत्रफल 3217.24 वर्गफिट है। एवं जिसकी चतुरसीमायें पूर्व में :- रोड, पश्चिम में :- मैंन रोड, उत्तर में : प्रोपर्टी नरेन्द्र सेन पुत्र स्व. श्री बाबूलाल एवं दक्षिण में :- मकान अदनान अली पुत्र अमानत अली है। का दिनांक 02/02/2026 ई रजि.नं MP45IGR18092026A100121267 के द्वारा सह स्वामित्व विलेख किया गया है एवं उक्त आवासीय मकान को श्री गजराज सिहं यादव एंव श्रीमति मुन्नी बाई यादव इन्डियन सेल्टर फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा में बंधक रखकर लोन ले रहे है। जिसके संबंध में किसी व्यक्ति, निकाय, बैंक, संस्था, सोसायटी शासकीय एवं अर्धशासकीय निकाय किसी प्रकार की स्वामित्व, अधिकार, कर्ज या अन्य अदायगी या आपत्ति हो तो वह आवश्यक दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में 7 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें उक्त अवधि पश्चात उक्त मकान मय प्लाट बंधक करने के लिए बैंक अग्रसर हो जावेगा। एवं ऐसी दशा में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्या नहीं होगी।

भवदीय **जीवन सिंह किरार** अभिभाषक
कार्यालय - मैन रोड रामद्वारा विदिशा म.प्र.
मो.न.9300265996

# वर्षों से कैद में महादेव

शिवरात्रि पर सूर्योदय से सूर्यास्त तक खुलेंगे पट

रायसेन के ऐतिहासिक किला आजादी के बाद से ही उपेक्षा का शिकार होता रहा है। यहां विराजे सोमेश्वर महादेव कई दशकों से सलाखों में कैद हैं, जिन्हें आजाद कराने में कोई भी जनप्रतिनिधि सफल नहीं हो सका है। नगर के जनमानस द्वारा बार-बार मंदिर के पट खोलने की मांग होती आई है, परन्तु मंदिर के पट वर्ष में सिर्फ महाशिवरात्रि पर्व के दिन ही 12 घंटे के लिए खुलते हैं। जहां किला पहाड़ी पर विशाल मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा अर्चन करते हैं।

# एक दिन के लिए महाशिवरात्रि पर्व पर 1500 फीट ऊंचे किले में लगेगा सोमेश्वर महादेव मेला, होंगे कई कार्यक्रम

**1500 फिट ऊंचे अजेय दुर्ग पर विराजमान है सोमेश्वर महादेव, प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर विशाल मेले का होता है आयोजन**

**सोमेश्वर महादेव कई दशकों से सलाखों में कैद, जिन्हें आजाद कराने में प्रयास के बावजूद कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं रहा सफल।**

**दशकों से बंद मंदिर के पट 1974 में तात्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाशचंद्र सेठी के हस्तक्षेप के बाद से साल में केवल एक दिन के लिए खुलते हैं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सतह से 1500 फिट ऊंची पहाड़ी पर स्थित अजेय दुर्ग पर प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर्व विशाल मेले का आयोजन सोमेश्वर धाम समिति के तत्वावधान में किया जाता है। इस वर्ष भी भव्य मेला आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर समिति द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियों कर ली गईं हैं। आयोजन से पूर्व पूरे दुर्ग को रंग-बिरंगी विद्युत से सजाया जाता है, जिसकी मनोरम छटा देखते ही बनती है।

वहीं एक दिन पूर्व रात्रि में सुदंरकांड पाठ एवं भजन मंडलियों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। साथ ही शिवरात्रि के दिन भगवान सोमेश्वर का अभिषेक किया जाएगा। हिन्दु उत्सव समिति, जय बाबा अमरनाथ समिति, जय बाबा बर्फानी समिति, मां वैष्णों देवी दरबार समिति सहित कई समाज सेवियों द्वारा जगह जगह प्रसाद वितरण एवं लंगरों का आयोजन किया जाएगा।



## मंदिर की अनूठी मान्यता

मंदिर से जुड़ी एक अनूठी स्थानीय मान्यता यह है कि जब सूर्य की किरणें शिवलिंग पर पड़ती हैं तो वह सोने की तरह चमकता है। यह घटना महाशिवरात्रि के दौरान देखी जाती है, जो मंदिर के आध्यात्मिक आकर्षण को बढ़ाती है। यह अनूठी मान्यता मंदिर की पवित्रता और आकर्षण में एक और परत जोड़ती है, जो भक्तों के बीच इसके पूर्ण स्वतंत्रता की तीव्र इच्छा को बढ़ाती है।

### इनका कहना है

किले पहाड़ी पर महाशिवरात्रि मेले के दौरान सभी वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। पेयजल, बैरिकेटिंग लाइट आदि के इंतजाम के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित कर दिया है। दुकानों और फलाहार वितरण करने वालों के लिए जगह चिन्हित कर दी गई है।

- **मनीष शर्मा,** एसडीएम रायसेन।

## एक दिन के लिए खुलेंगे सोमेवश्वर धाम के पट

बताया जाता है कि कई दशकों से सोमेश्वर धाम के पट केंद्र सरकार द्वारा दर्शनार्थियों के लिए बंद कर दिए थे, परन्तु 1974 में जनमानस द्वारा उग्र आंदोलन शुरू किया गया था। तब तात्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाशचंद्र सेठी के हस्तक्षेप के बाद साल में केवल महाशिवरात्रि पर्व पर सूर्योदय से सूर्यास्त तक 12 घंटे के लिए प्रशासन की मौजूदगी में मंदिर के पट खोले जाने का आदेश केंद्र सरकार द्वारा पारित हुआ, यह परंपरा आज भी कायम है। वहीं इस वर्ष 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर किला पहाड़ी पर विशाल मेले के साथ श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए भगवान महादेव मंदिर के पट खोले जाएंगे। भक्त दर्शन के साथ पूजा अर्चना के लिए बड़ी संख्या में पहुंचेगें।

## तात्कालीन केंद्रीय मंत्री को सौंपा था ज्ञापन



▪ **जमना सेन,** पूर्व अध्यक्ष, नगर पालिका, रायसेन

नगर का दुर्भाग्य है कि ऐतिहासिक दुर्ग पर विराजे सोमेश्वर महादेव सालभर सलाखों में कैद रहते हैं और सिर्फ एक ही दिन दर्शन हो पाते है। इसके लिए तात्कालीन केंद्रीय सांस्कृतिक मंत्री प्रहलाद पटेल को ज्ञापन सौंप कर मंदिर के पट खुलवाने की मांग की थी। संघर्ष जारी है सफलता जरूर मिलेगी।

## प्रदेश संस्कृति मंत्री को लिखा है पत्र



▪ **डॉ प्रभुराम चौधरी,** सांची विधायक

हमने प्रदेश की संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ऊषा ठाकुर को किले स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर के पट खोले जाने के लिए पत्र सौंपा है। यह प्रक्रिया में है। सब कुछ अच्छा रहा तो जल्द ही शिव मंदिर के गेट शिवभक्तों के दर्शन पूजन के लिए खोले जाएंगे।

## नगर के प्रमुख मार्गो से निकलेगी झंडा यात्रा



▪ **रवि खत्री,** हिउस अध्यक्ष

हिन्दू उत्सव समिति एवं सोमेश्वर धाम समिति के तात्वावधान में विशाल झंडा यात्रा निकाली जाएगी, जो कि नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई दुर्ग पर पहुंचेगी। समिति द्वारा व्यापक तैयारियां कर ली गई है, भव्य मेले में सभी से सहयोग की अपेक्षा करते है।

## 100 क्विंटल प्रसादी का होगा वितरण



▪ **प्रवीण मिश्रा,** समाजसेवी

जय बाबा अमरनाथ समिति द्वारा विगत एक दशक से प्रतिवर्ष 100 क्विंटल प्रसादी एवं फलाहार का वितरण किया जाता है। इस वर्ष दुर्ग पर आयोजित होने वाले मेले में प्रसादी वितरण की तैयारी की जा रही हैं।

# नपा ने जारी की बड़े बकायादारों की वार्डवार सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

नगर पालिका ने बुधवार को विभिन्न करों के बड़े बकायादारों की वार्डवार सूची सार्वजनिक कर दी। सूची जारी होते ही शहर के रसूखदारों और लंबे समय से कर जमा नहीं करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया है।

बताया जा रहा है कि इस सूची में कई राजनीतिक दलों से जुड़े नेताओं, प्रतिष्ठित व्यापारियों और शहर की जानी-मानी हस्तियों के नाम शामिल हैं। नपाध्यक्ष सविता जमना सेन, सीएमओ सुरेखा जाटव से मिली जानकारी के अनुसार संपत्ति कर, जलकर, समेकित कर और अन्य देयकों की लंबे समय से वसूली लंबित थी।




बार-बार नोटिस जारी करने के बावजूद बकायादारों द्वारा भुगतान नहीं किया।

इसके बाद नपा ने सख्त रुख अपनाते हुए वार्डवार सूची सार्वजनिक करने का निर्णय लिया। ताकि पारदर्शिता बनी रहे और बकाया वसूली में तेजी लाई जा सके। जिन लोगों के नाम सामने आए हैं, उनमें से कई प्रभावशाली परिवारों से जुड़े बताए जा रहे हैं।

सीएमओ ने बताया कि जिन बकायादारों ने निर्धारित समय में भुगतान नहीं किया, उनके विरुद्ध कुर्की, सीलिंग और राजस्व वसूली की प्रक्रिया भी अपनाई जा सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नपा परिषद का उद्देश्य किसी को बदनाम करना नहीं, बल्कि राजस्व संग्रह को सुदृढ़ करना है। ताकि शहर में विकास कार्यों को गति मिल सके। नगर पालिका ने बकायादारों से अपील की है कि वे शीघ्र बकाया कर जमा कर कार्रवाई से बचें। उक्त राशि से शहर में स्वच्छता, सड़क मरम्मत जैसे कार्यों को मजबूती दी जाएगी।

# पीएचई परिसर में बिजली की सरेआम चोरी

मौके पर पहुंची बिजली विभाग की टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

बुधवार को शहर के पीएचई विभाग परिसर में लाखों रुपए की लागत से जल निगम की निर्माणाधीन बिल्डिंग में बिजली चोरी का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि बिल्डिंग ठेकेदार अनूप सिंह के साइड इंजीनियर व कर्मचारियों द्वारा बिजली लाइन के तार पर सीधे तार डालकर अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा था। मामले की शिकायत मिलने पर बिजली कंपनी की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। जांच के दौरान टीम में शामिल बिजली कंपनी के सिटी जेई प्रांजल शर्मा और उनकी जांच टीम के अधिकारियों लाइनमैन ने पाया कि मुख्य लाइन से सीधे कनेक्शन लेकर निर्माण कार्य में बिजली का दुरुपयोग किया जा रहा था।

इसके बाद टीम ने ठेकेदार अनूप सिंह के खिलाफ बिजली चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया। मौके से बिजली तार बंडल दो, सरिया, कटर मशीन, बिजली मोटर जब्त कर लिया है। कार्रवाई के दौरान परिसर में हड़कंप की स्थिति बन गई। अधिकारियों ने अवैध कनेक्शन को तत्काल हटवाया और नियमानुसार पंचनामा तैयार कर जुर्माने की प्रक्रिया शुरू की।

बिजली कंपनी के जीएम पराग राव का कहना है कि सरकारी परिसर में इस तरह की बिजली चोरी गंभीर मामला है और नियमों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बिजली चोरी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## संकल्प से समाधान शिविर का आयोजन

**सलामतपुर।** बुधवार को ग्राम रातातलाई में संकल्प से समाधान अभियान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विभागों की 106 योजनाओं के आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं के कुल 205 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 188 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदन भी निराकृत किये जा रहे है। विभागीय नोडल अधिकारी के द्वारा निरीक्षण किया गया एवं ग्रामीणों से चर्चा भी की गई।

# ईंट निर्माण, बजरी, मिट्टी का अवैध कारोबार, जिम्मेदार बने उदासीन

## चैनपुर मार्ग निर्माण के नाम पर अभ्यारण क्षेत्र में अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली।

बरेली-चैनपुर सड़क का निर्माण सुर्खियों एवं व्यापक चर्चाओं और जांच कार्यवाही का विषय बन रहा है। मार्ग निर्माण के नाम पर सिंघोरी अभ्यारण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्थानों एवं किसानों के खेतों की मिट्टी का सरेआम उत्खनन, परिवहन हो रहा है। राजस्व या वन विभाग की भूमियों से सड़क निर्माण ठेकेदार के डंपर, मशीनें खुदाई के कार्य में जुटी हुई है। अवैध उत्खनन, परिवहन पर कार्यवाही करने में जिम्मेदार उदासीन नजर आ रहे है।

बरेली-चैनपुर मार्ग की कम चौड़ाई और गुणवत्ताहीन का आरोप लगाते हुए लगभग एक दर्जन ग्रामों के किसानों व ग्रामीणों ने एसडीएम संतोष मुदगल को ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की है। ज्ञापन कहा कि सड़क 7 मीटर के स्थान पर 4 मीटर चौड़ी और गुणवत्ताहीन बनाई जा रही है। 15 करोड़ से अधिक राशि से



बन रही लगभग 9 किमी सड़क की चौड़ाई कम होने से वाहन क्रासिंग हमेशा जोखिम भरा बना रहेगा।

### मिट्टी, बजरी का अवैध उत्खनन परिवहन

क्षेत्र के नदी-नालों के किनारों पर अवैध रूप से बिना अनुमति लाखों ईंटों का निर्माण और भट्टे लगे दिखाई दे रही है। इसी के साथ नदी-नालों की बजरी, रेत, खेतों की मिट्टी का भी खनन माफिया द्वारा मनचाहे स्थानों से उत्खनन भारी मात्रा में परिवहन प्रतिदिन किया जा रहा है। चैनपुर मार्ग निमार्ण ठेकेदार के डम्फरों द्वारा कोपरा, खेतों की मिट्टी का पिछले दिनों से भारी मात्रा में उत्खनन, परिवहन विस्तृरित जाँच कार्यवाही का विषय बना हुआ है।

### इनका कहना है

ठेकेदार द्वारा तहसील से किसी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई है। खनिज विभाग को पत्र लिखकर कार्रवाई कराई जाएगी।

- **विक्टर रोडिस्क,** तहसीदार बाड़ी

फसलों पर सिंचाई का छाएगा संकट

# नहर में पानी कम होने से किसानों की बढ़ी चिंताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम अंबाडी, मुस्काबाद और सेमरा में नहरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंचने से किसानों को सिंचाई करने में भारी परेशानियों झेलना पड़ रही है।

किसान विक्की मीणा, मतीन खान, मुबीन खान, रमेश चंद्र सेन, सुनील सिंह खेमचंद लोधी सहित कई किसानों का कहना है कि समय पर पानी नहीं मिलने से उनकी गेहूं व चना फसलें प्रभावित हो रही हैं और खेत सूखने की कगार पर हैं। किसानों के अनुसार नहर में पानी ऊपर के गांवों तक ही सीमित रह जाता है, जबकि नीचे के गांवों तक पानी पहुंच ही नहीं पाता।

वहीं संबंधित अधिकारी बीके बागुल्या अनुविभागीय अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नहर पूरी तरह खुली हुई है और पानी छोड़ा जा रहा है। उनका दावा है कि पूरे क्षेत्र में एक साथ बिजली सप्लाई होने के कारण ऊपर के गांवों के



किसान मोटर पंप के जरिए ज्यादा पानी खींच लेते हैं, जिससे नीचे तक पानी पहुंचने में दिक्कत आती है।

किसानों ने मांग की है कि बिजली विभाग अलग-अलग गांवों में अलग-अलग समय पर बिजली सप्लाई करे, ताकि सभी क्षेत्रों के किसानों को पानी मिल सके और सिंचाई व्यवस्था संतुलित हो सके।

# डॉ. हेडगेवार कॉलोनी के हालत बदतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांची

नगर के वार्ड 13 की डॉ. हेडगेवार कॉलोनी सबसे अधिक नगर परिषद को फायदा पहुंचाने वाली कॉलोनी है और वही सबसे अधिक दुर्दशा का शिकार हो रही है। साफ सफाई के अभाव में जगह-जगह कचरा और गंदगी का अंबार लगा हुआ है।

वही अर्बन कंपनी जल आपूर्ति मिशन ने 7 वर्षों से पेयजल पाइप लाइन डालने का काम कर रही है मगर 7 वर्ष पूरे होने के बाद भी कंपनी अभी तक अपना निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कर सकी। शासन द्वारा इस कंपनी को 2 वर्ष का समय इस निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए दिया था। मगर 7 वर्ष से अधिक होने के बाद भी कंपनी अभी



तक अपने जल आपूर्ति मिशन का कार्य पूर्ण नहीं कर पाई।

स्थिति यह है कि कॉलोनी के अंदर बना 2 करोड़ 80 लाख की सड़क को तहस-नहस कर दिया जितनी भी सड़कें थीं कॉलोनी के अंदर सभी सड़कों को पाइपलाइन डालने के नाम पर खोद डाली स्थिति यह 5 मिनट भी बारिश हो जाती है तो लोग घर से बाहर नहीं निकाल सकते पूरा रोड गढ़ों में तब्दील कर दिया है। जबकि पूरे नगर में शासन द्वारा सड़कों का जाल बिछा दिया गया है।

वहीं वार्ड नंबर 13 की बस स्टैंड और कॉलोनी में सड़क निर्माण के कार्य चल रहे हैं, लेकिन जब बात हेडगेवार कॉलोनी की आती है तो कहीं सीवेज प्लांट तो कहीं वाटर सप्लाई की बात आड़े आ जाती है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि जल्दी ही नगर परिषद ने ध्यान नहीं दिया तो रायसेन कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन करेंगे।

**कार्यालय नगर परिषद गैरतगंज जिला रायसेन, म.प्र**

E-mail ID: cmogairatganj@mpurban.gov.in

क्र./262/NP/2026/ गैरतगंज दिनाक 09.02.2026

**// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //**

एतद् द्वारा लोक निर्माण के केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी के पंजीयक कृत ठेकेदार / फर्म से अधोलिखित विवरण अनुसार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिनांक 08/11/2025 से प्रभावशील प्रचलित आई. एस. एस आर Building Works के आधार पर कम/अधिक प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| निविदा क्रमांक | कार्य का नाम एवं विवरण | प्राक्कलन राशि (रू. में) | धरोहर राशि (रु. में) | निविदा फार्म का शुल्क | श्रेणी | कार्यावधि | निविदा क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_481045_1 | वार्ड क. 05 एवं 07 में शफी चच्चा के घर से अमन शर्मा के मकान तक रिन्युवल कोट सी.सी. निर्माण कार्य। | 1025000/- | 7688/- | 2000 | New PWD Reg | 04 माह | First call |
| 2026_UAD_481042_1 | वार्ड कं. 13 में सागर भोपाल रोड से एमजीएम स्कूल होते हुये केशव शर्मा के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 1184569/- | 8885/- | 2000 | New PWD Reg | 04 माह | First call |
| 2026_UAD_481041_1 | वार्ड क. 08 में संकट मोचन हुनमान मंदिर से रहीम भाई के मकान तक रिन्युवल कोट सी.सी. निर्माण कार्य। | 1187835/- | 8909/- | 2000 | New PWD Reg | 04 माह | First call |
| 2026_UAD_481040_1 | वार्ड कं. 11 में शकील भाई के घर से राजू कुशवाह के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 1128842/- | 8467/- | 2000 | New PWD Reg | 04 माह | First call |

शर्ते- (1) निविदा प्रपत्र का मूल्य वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर भुगतान करने के उपरांत निविदा (टेंडर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।
(2) ऑनलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 10.02.2026 से 13.03.2026 सायं 5:30 बजे तक है।
(3) ऑनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 13.03.2026 सायं 5.30 बजे तक है।
(4) अमानत राशि, सहित समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही मान्य की जायेंगें। निविदा दिनांक 16.03.2025 को 12:00 बजेसेखोली जायेगी।
(5) टेण्डर फार्म-ए में ठेकेदार को निम्नलिखित दस्तावेज जमा करना अनिवार्य होगा-
(अ) अमानत राशि (EMD) (ब) निर्धारित शपथ पत्र (Affidavit) नवीन प्रारूप अनुसार
(स) लो.नि.वि. (PWD) का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र। (द) पेन नम्बर एवं जी.एस.टी. नं.
(6) सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
(7) टेण्डर फार्म में अमानत राशि के साथ अन्य दस्तावेज जमा करना अनिवार्य हओगा।
(8) निविदा के समस्त अधिकार नगर परिषद गैरतगंज के पास सुरक्षित होगें।
(9) निविदाकार को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग एवं शासन के समस्त नियमों का पालन करना अनिवार्य हओगा।
(10) निविदा में जी एस.टी. छोड़कर समस्त करो की कटौती नियमानुसार की जावेगी एवं प्रत्येक देयक के साथ जी.एस.टी. का भुगतान तक समय प्रचलित दर से किया जावेगा।
(11) निविदा प्रपत्र अनुबंध का एक भाग होगा एवं ऐसी अन्य समस्त नियम एवं शर्ते तथा किसी भी विवाद की स्थिति में जो की उल्लेखित नहीं है के संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश/दिशा निर्देश अंतिम एवं मान्य होगे।
(12) अत्तिरिक्त जानकारी वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर टेण्डर डाक्यूमेंट पर देखी जा सकती है या कार्यालय नगर परिषद गैरतगंज में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय पर प्राप्त की जा सकती है।
(13) निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में केवल ऑनलाईन संशोधन किया जावेगा, समाचार पत्रों में नहीं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद गैरतगंज**

## श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बना आकर्षण का केंद्र

अनगढ़ हनुमान मंदिर में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पंच कुंडीय श्रीरुद्र महायज्ञ का आयोजन

# धर्म की स्थापना व संतों की रक्षा के लिए भगवान लेते हैं अवतार : पं. नरेश शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

नगर के बजरंग चौराहा पर स्थित अनगढ़ श्रीहनुमान मंदिर मे शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा किए जाने को लेकर पंच कुंडीय श्रीरुद्र महायज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी सहभागिता दर्ज करा रहे है। श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव आस्था, श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ मनाया गया।

कथा के चौथे दिन बुधवार को व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए कथावाचक पंडित नरेश शास्त्री ने कहा कि जब-जब धर्म पर संकट आता है, संतों पर अत्याचार बढ़ता है और गौमाता व सनातन संस्कृति पर खतरा मंडराता है, तब भगवान स्वयं इस धराधाम पर अवतरित होकर धर्म की स्थापना और अधर्म का विनाश करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन के लिए मोक्ष



का सरल साधन है, जिसके श्रवण से व्यक्ति का जीवन पवित्र और सार्थक बनता है।

कथा के दौरान पंडित शास्त्री ने कहा कि भगवान का अवतार केवल दुष्टों के विनाश के लिए ही नहीं, बल्कि प्रकृति के संतुलन और मानवता के कल्याण के लिए भी होता है। उन्होंने बताया कि इतिहास गवाह है कि जब भी सनातन धर्म पर संकट आया और गौमाता का अपमान हुआ, तब-तब भगवान ने विभिन्न रूपों में अवतार लेकर धर्म की रक्षा की है।

उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे धर्म, संस्कृति और मानव मूल्यों की रक्षा के लिए अपने जीवन में सेवा, त्याग और करुणा को अपनाएं।

## कथावाचक ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का किया वर्णन

कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। पंडित शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि द्वापर युग में मथुरा के कारागार में अत्याचारी कंस के विनाश और धर्म की स्थापना के लिए भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि, रोहिणी नक्षत्र में मध्यरात्रि को श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था।

कृष्ण जन्मोत्सव पर कथा स्थल पर आकर्षक सजावट की गई और श्रद्धालुओं ने झूमते हुए नंदोत्सव मनाया। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन, झांकी और पूजा-अर्चना से श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव मनाया। महिलाओं और युवाओं ने भक्ति गीतों पर नृत्य कर उत्सव को आनंदमय बना दिया।